स्वामी परमानन्द दण्डी जी का मात्र 59 वर्ष की अवस्था में दिनांक 21 सितम्बर, 1999 को निधन हो गया। वे तीसरी बार इस विधान सभा के सदस्य हुए थे। वे सन्यासी थे। समाज सेवी के प्रति, दीन दुखियों की सेवा करने के प्रति, निर्बल वर्ग के लोगों के उत्थान और अन्य राजनीतिक कार्यों में उनकी विशेष रुचि रहा करती थी।

मास्टर कंवर पाल सिंह जी का निधन 55 वर्ष की अवस्था में दिनांक 12 नवम्बर, 1999 को हो गया। वे तीन बार इस विधान सभा के सदस्य रहे। उनकी शैक्षणिक कार्यों में विशेष रुचि थी। सहकारी विकास बैंक से भी वह सम्बद्ध रहे।

इन सबके प्रति जो शोकोद्गार प्रकट किये गये हैं मैं उनसे अपने को सम्बद्ध करता हूं। इन सदस्यों के निधन से क्रमशः जनपद देवरिया, जनपद सहारनपुर और जनपद रामपुर को बहुत ही नुकसान हुआ है। समाजसेवी और कुशल राजनीतिक कार्यकर्ता इन जनपदों ने खो दिया है। मैं अपनी ओर से और विधान सभा की ओर से उन सबके प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित करता हूं और जो शोकोद्गार व्यक्त किये गये हैं, वह मैं उनके परिवार-जनों तक पहुंचा दूंगा। आप लोगों से अनुरोध करता हूं कि दिवंगत आत्माओं की शांति के लिये कृपया दो मिनट खड़े होकर उन्हें मौन श्रद्धांजलि दें।

(सभी सदस्यों द्वारा सदन में दो मिनट खड़े होकर मौन धारण किया गया।)

श्री अध्यक्ष–

कृपया स्थान ग्रहण करें।

विधान सभा के भूतपूर्व सदस्य श्री राम स्वरूप, श्री मन्जूर अहमद, श्री दीनानाथ सेवक, श्री गुलाब सेहरा, श्री इन्द्रमणि बड़ौनी, श्री यादवेन्द्र दत्त दुबे, श्री ईशदत्त यादव, श्री रूस्तम सैटिन, श्री गंगा प्रसाद, श्री हरिदत्त काण्डपाल, श्री सियाराम चौधरी, श्री राम प्यारे पनिका, श्री दलजीत सिंह, डा० शमी (शमीम) अहमद खां तथा श्री जगन्नाथ चौधरी के निधन पर शोकोद्गार

मुख्य मंत्री (श्री राम प्रकाश)–

श्रीमान, मुझे बड़े दुख के साथ माननीय सदन को सूचित करना पड़ रहा है कि इस सदन के 15 माननीय भूतपूर्व सदस्य श्री राम स्वरूप जिला एटा, श्री मंजूर अहमद जिला मेरठ, श्री दीनानाथ सेवक जिला रायबरेली, श्री गुलाब सेहरा जिला आगरा, श्री इन्द्रमणि बड़ौनी जिला टिहरी गढ़वाल, श्री यादवेन्द्र दत्त दुबे जिला जौनपुर, श्री ईशदत्त यादव जिला आजमगढ़, श्री रूस्तम सैटिन जिला वाराणसी, श्री गंगा प्रसाद जिला एटा, श्री हरि दत्त काण्डपाल जिला अल्मोड़ा, श्री सियाराम चौधरी जिला बहराइच, श्री राम प्यारे पनिका जिला सोनभद्र, श्री दलजीत सिंह जिला रामपुर, डा० शमी (शमीम) अहमद खां जिला मुरादाबाद एवं श्री जगन्नाथ चौधरी जनपद बलिया, उनका निधन हो गया।

यह सभी माननीय सदस्य अपने-अपने जिले में राजनीतिज्ञ क्षेत्र में अत्यन्त प्रभावी कार्य कर रहे थे और वे पूरे प्रदेश में अपने कार्यकलापों के लिये जाने जाते थे श्रीमन्, अत्यन्त दुख के साथ यह कहना

पड़ रहा है कि मेरे साथ 67 और 77 में शासन के अन्दर भी अनके माननीय सदस्यों ने मंत्री के रूप में कार्य किया है और यह मैं अनुभव कर रहा हूं कि अनके जिलों में एक बड़ा गंभीर वैक्यूम पैदा हो गया है। यादवेन्द्र दुबे जी मेरे बहुत घनिष्ठ मित्र थे। जौनपुर में जबरदस्त सामाजिक कार्य उन्होंने किया। वह हमारे भारतीय जनसंघ के प्रदेश अध्यक्ष भी थे, इस सदन में विरोधी दल के नेता भी रहे और कई बार विधान सभा और लोकसभा के सदस्य भी निर्वाचित हुए इसी तरह से इन्द्रमणि बड़ौनी जो पर्वतीय क्षेत्र के थे, बड़े जबरदस्त स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, कांग्रेस के बड़े प्रसिद्ध नेता के रूप में जाने जाते थे उन्होंने पूरे उत्तरांचल में बहुत जबरदस्त आन्दोलन भी किया था। इसी तरह से जगन्नाथ चौधरी, जिनकी सूचना आज ही प्राप्त हुई, बलिया के बड़े निष्ठावान कांग्रेस के कार्यकर्ता थे और कई बार निर्वाचित हुए, समाजसेवी थे। आज ही सदन में आते समय यह सूचना प्राप्त हुई कि उनका भी निधन हो गया।

श्रीमन्, ईश्वर से प्रार्थना है कि वह इन दिवंगत आत्माओं को शान्ति प्रदान करे और शोकाकुल परिवारों को इस दारूण दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। मैं अपनी ओर से, अपनी पार्टी की ओर से इस सदन की ओर से आपसे निवेदन करता हूं कि उनके परिवारों तक हमारी संवेदना की कृपा करें।

नेता विरोधी दल (श्री धनीराम वर्मा)–

श्रीमन्, बड़े दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि जो 14 सदस्य हमारे इस सदन में बैठते रहे हैं, अब हमारे बीच में नहीं। इन 14 सदस्यों में श्री राम स्वरूप, एटा, श्री मंजूर अहमद, मेरठ, श्री दीनानाथ सेवक, रायबरेली, श्री गुलाब सेहरा, आगरा, श्री इन्द्रमणि बड़ौनी, टिहरी गढ़वाल, श्री यादवेन्द्र दत्त दुबे, जौनपुर, श्री ईश दत्त यादव, आजमगढ़, श्री रूस्तम सैटिन, वाराणसी, श्री गंगा प्रसाद, एटा श्री हरि दत्त काण्डपाल, अल्मोड़ा, श्री सियाराम चौधरी, बहराइच, श्री राम प्यारे पनिका, सोनभद्र, श्री दलजीत सिंह, रामपुर, डा० शमी (शमीम) अहमद खां, मुरादाबाद और पन्द्रहवें श्री जगन्नाथ चौधरी, बलिया हैं। श्रीमन् इन सभी माननीय सदस्यों ने समाज और देश की सेवा में अपना बहुमूल्य समय दिया। उनके विचारों से और उनके कार्यों समाज और देश प्रभावित होता रहा और लाभ पाता रहा।

श्रीमन्, श्री राम स्वरूप जी ने एक बार, श्री मन्जूर अहमद ने 5 बार, श्री दीनानाथ सेवक ने दो बार, श्री गुलाब सेहरा ने 3 बार, श्री इन्द्रमणि बड़ौनी ने 3 बार, श्री यादवेन्द्र दत्त दुबे ने दो बार लोकसभा और 3 बार विधान सभा में जनप्रतिनिधि के रूप में हमारे देश प्रदेश की सेवा की। इसी प्रकार श्री ईश दत्त यादव ने एक बार, श्री रुस्तम सैटिन ने एक बार, श्री गंगा प्रसाद पाल ने 5 बार, श्री हरिदत्त काण्डपाल ने 4 बार, श्री सियाराम चौधरी ने एक बार, श्री राम प्यारे पनिका ने दो बार विधान सभा तथा दो बार लोकसभा, श्री दलजीत सिंह ने दो बार, डा० शमी (शमीम) अहमद खां ने एक बार, श्री जगन्नाथ चौधरी ने चार बार विधान सभा तथा एक बार लोकसभा में रहकर हमारे देश और प्रदेश की सेवा की। इन सभी लोगों ने समय-समय पर विभिन्न समस्याओं के समाधान में और बहुत से गम्भीर मसालों के समाधान में अपना सहयोग दिया है।

यह सही है कि उनकी जगह पर अन्य लोगों ने कार्य करना प्रारम्भ किया। लेकिन यह भी सही है कि जो व्यक्ति जिस ढंग से कार्य करता है, उस ढंग से दूसरे व्यक्ति के कार्य करने की क्षमता नहीं हुआ करती है। इसलिए विभिन्न क्षमताओं वाले व्यक्ति चाहे वह सहकारिता में रहें हों, चाहे शिक्षा में रहें हों, चाहे राजनीति में रहें हों, अब हमारे बीच में नहीं हैं और निश्चित रूप से उनकी कमी हमेशा खटकती

रहेगी । श्रीमन्, मैं इन सभी 15 स्वर्गीय माननीय सदस्यों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अपनी तरफ से और अपने दल की ओर से आपसे निवेदन करना चाहूंगा कि आप इन सभी माननीय भूतपूर्व सदस्यों के परिवारजनों तक हमारी संवेदना पहुंचाने की कृपा करें ।

श्री बी०आर० वर्मा–

मान्यवर, जिन 15 भूतपूर्व सदस्यों की शोक संवेदना नेता प्रतिपक्ष ने व्यक्त की हैं मैं अपने को और अपने दल को उससे समबद्ध करता हूं । मान्यवर, श्री राम स्वरूप, श्री मन्जूर अहमद, श्री दीनानाथ सेवक, श्री गुलाब सेहरा, श्री इन्द्रमणि बड़ौनी, श्री यादवेन्द्र दत्त दुबे, श्री ईश दत्त यादव, श्री रुस्तम सैटिन, श्री गंगा प्रसाद, श्री हरिदत्त काण्डपाल, श्री सियाराम चौधरी, श्री राम प्यारे पनिका, श्री दलजीत सिंह, श्री शमी (शमीम) अहमद खां और जगन्ननाथ चौधरी ये सभी आदरणीय सदस्य सदन के प्रतिभावान सदस्य रहें हैं । इसमें कई लोगों को मंत्रि परिषद् के सदस्य के रूप में काम करने का मौका मिला और प्रदेश के निर्माण में उनका एक बड़ा योगदान रहा है ।

मान्यवर, श्री ईश दत्त यादव जी मेरे जनपद के रहने वाले थे, आजमगढ़ के रहने वाले थे, उनके साथ मुझे भी काम करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ । उनमें जिस तरह की क्षमता थी उससे निश्चित तौर पर समाजवादी पार्टी ने अपना एक अद्वितीय संगठन खोया है । आजमगढ़ जनपद एक कुशल अधिवक्ता और कुशल समाज सेवक से वंचित रहा है । मान्यवर, श्री यादवेन्द्र दत्त दुबे जी जौनपुर जनपद से थे उनके सानिध्य में भी मुझे थोड़े समय रहने का मौका मिला । उनका जिस तरह का व्यक्तित्व था और उससे जौनपुर जनपद ही नहीं बल्कि भारतीय जनता पार्टी जनसंघ के रूप में थी, उस समय उन्होंने नेता प्रतिपक्ष के रूप में इस सदन को एक महत्वपूर्ण योगदान दिया था । आज भारतीय जनता पार्टी के साथ ही पूरे प्रदेश को अपूर्णनीय क्षति हुई है । इन सभी माननीय सदस्यों का किसी न किसी क्षेत्र में विशेष योगदान रहा है । सभी राजनीतिज्ञ के साथ-साथ, सामाजिक, शैक्षिक और भी जीवन के दूसरे क्षेत्रों में इनका अपना एक अद्वितीय स्थान रहा है । आज उनके न रहने से ऐसे सभी क्षेत्रों में शून्यता आ गई है जिसे भर पाना कठिन है ।

मान्यवर, इन सभी 15 माननीय सदस्यों के प्रति मैं अपनी और अपने दल की ओर से शोक संवेदना व्यक्त करता हूं और अनुरोध करता हूं कि मेरे द्वारा और मेरे दल की तरफ से जो शोक संवेदना व्यक्त की गई है उसे परिवार तक पहुंचाने की कृपा करें । धन्यवाद ।

लघु सिंचाई एवं ग्रामीण अभियंत्रण मंत्री (श्री मारकण्डेय चन्द)–

मान्यवर, इस सदन के भूतपूर्व सदस्य श्री राम स्वरूप, श्री मन्जूर अहमद, श्री दीनानाथ सेवक, श्री गुलाब सेहरा, श्री इन्द्रमणि बड़ौनी, श्री यादवेन्द्र दत्त दुबे, श्री ईशदत्त यादव, श्री रूस्तम सैटिन, श्री गंगा प्रसाद, श्री हरिदत्त काण्डपाल, श्री सियाराम चौधरी, श्री राम प्यारे पनिका, श्री दलजीत सिंह, डा० शमी (शमीम) अहमद खां और श्री जगन्नाथ चौधरी के निधन पर माननीय मुख्य मंत्री जी ने, माननीय नेता प्रतिपक्ष, माननीय नेता बहुजन समाज पार्टी ने जो शोक संवेदना व्यक्त की है, मैं उससे अपने को तथा अपने दल को सम्बद्ध करता हूं तथा आपसे अनुरोध करता हूं कि माननीय भूतपूर्व सदस्यों के निधन पर उनके परिवार को मेरे तथा मेरे दल की तरफ से शोक संवेदना पहुंचाने की कृपा करें ।

ऊर्जा मंत्री (श्री नरेश चन्द्र अग्रवाल)–

श्रीमन्, इस सदन के पूर्व सदस्य श्री राम स्वरूप, श्री मन्जूर अहमद, श्री दीनानाथ सेवक, श्री गुलाब सेहरा, श्री इन्द्रमणि बड़ौनी, श्री यादवेन्द्र दुबे, श्री ईशदत्त यादव, श्री रुस्तम सैटिन, श्री गंगा प्रसाद, श्री हरीदत्त काण्डपाल, श्री सियाराम चौधरी, श्री राम प्यारे पनिका, श्री दलजीत सिंह, श्री शमीम अहमद खां, श्री जगन्नाथ चौधरी हमारे बीच में नहीं रहे । माननीय मुख्यमंत्री जी, माननीय नेता प्रतिपक्ष और अन्य दलों के नेताओं ने जो इनके निधन पर शोक संवेदनाएं व्यक्त की हैं उससे मैं अपने को और अपने दल को सम्बद्ध करता हूं ।

श्रीमन्, यह सभी पूर्व विधायक रहे हैं, इन्होंने इस प्रदेश को नई-नई दिशा दी, इनमें से कुछ लोग आजादी की लड़ाई से जुड़ रहे और कुछ लोग स्वर्गीय जयप्रकाश नारायण जी के आन्दोलन से जुड़े रहे और कुछ लोग मंत्रि-परिषद् में भी सम्मिलित रहे और प्रोटम स्पीकर भी रहें । उनकी रुचि शिक्षा और सामाजिक क्षेत्रों में रही । उन्होंने गरीबों की लड़ाई लड़ी । इनमें से बहुत से लोगों के साथ मुझे विधान सभा में रहने का मौका मिला और मुझे उनकी विचारधारा से अवगत होने का मौका मिला । उनके निधन से न केवल उनके जनपद बल्कि पूरे प्रदेश की क्षति हुई है जो पूरी नहीं हो सकती है । मेरी ईश्वर से प्रार्थना है कि उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें और इस दुख को उनके शोक संतप्त परिवार को सहने की शक्ति दें । आपसे अनुरोध है कि मेरे व मेरे दल की ओर से उनके परिवार तक शोक संवेदना भेजने की कृपा करें ।

श्री प्रमोद कुमार–

मान्यवर, भूतपूर्व सदस्य श्री राम स्वरूप, श्री मंजूर अहमद, श्री दीनानाथ सेवक, श्री गुलाब सेहरा, श्री इन्द्रमणि बड़ौनी, श्री यादवेन्द्र दत्त दुबे, श्री ईशदत्त यादव, श्री रूस्तम सैटिन, श्री गंगा प्रसाद, श्री हरिदत्त काण्डपाल, श्री सियाराम चौधरी, श्री राम प्यारे पनिका, श्री दलजीत सिंह, श्री शमीम अहमद खां, एवं श्री जगन्नाथ चौधरी जी के निधन के संबंध में जो विचार माननीय नेता सदन और माननीय नेता विरोधी दल ने व्यक्त किये हैं मैं उनसे अपने को अपने दल को सम्बद्ध करता हूं और आपसे आग्रह करता हूं कि हमारी और हमारे दल की ओर से शोक संवेदनाएं उनके परिवार तक पहुंचा दें ।

मान्यवर, श्री मंजूर अहमद इस सदन के प्रखर वक्ताओं में से थे जो अपनी बात मजबूती से कहने के लिये जाने जाते थे । श्री दीनानाथ सेवक प्रतापगढ़ के निवासी थे, मेरे निर्वाचन क्षेत्र के निवासी थे यद्यपि उनका राजनीतिक कार्य क्षेत्र रायबरेली था । वह एक दलित परिवार से, साधारण स्तर से उठकर मंत्री स्तर तक पहुंचे । श्री गुलाब सेहरा इस सदन के प्रमुख वक्ताओं में से थे जो अपनी सत्य प्रियता के लिये जाने जाते थे उनके निधन से सम्पूर्ण प्रदेश की क्षति हुई है । श्री इन्द्रमणि बड़ौनी उत्तरांचल के गांधी के रूप में जाने पहचाने गये । उन्होंने गरीबों की आवाज हमेशा सदन में उठाई । श्री यादवेन्द्र दत्त दुबे अत्यन्त प्रतिभाशाली और जनप्रिय जन प्रतिनिधि रहे । इसी प्रकार से राम प्यारे पनिका जी मजदूरों की आवाज को देश और प्रदेश स्तर तक उठाते रहे । आज कुछ घण्टों पूर्व श्री जगन्नाथ चौधरी जी का निधन हो गया । यह बलिया के रहने वाले थे । श्री जगन्नाथ चौधरी जी विधान सभा के सदस्य भी रहे, सांसद भी रहे और उन्होंने भूतपूर्व प्रधानमंत्री श्री चन्द्रशेखर को पराजित किया था । अब से 9-10 घण्टे पूर्व उनका निधन हो गया । वह अपनी कर्मठता और अपनी कार्य कुशलता के लिये जाने जाते थे । मैं

इन सभी भूतपूर्व सदस्यों के प्रति अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। मेरी प्रार्थना है कि मेरी और मेरे दल की संवेदनाओं को उनके परिवार जनों तक पहुंचाने की कृपा करें।

श्री कौकब हमीद–

मान्यवर, यह 15 माननीय सदस्य जो अब हमारे बीच में नहीं रहे हैं। उनसे उनके क्षेत्र और प्रदेश में एक कमी रहेगी। मैं मानीय नेता प्रतिपक्ष की बातों से अपने को सम्बद्ध करता हूं और अपनी तरफ से तथा अपने दल की ओर से शोक संवेदनायें व्यक्त करते हुये आपसे गुजारिश करूंगा कि उनके शोक संतप्त परिवार तक हमारी और हमारे दल की संवेदनायें पहुंचाने की कृपा करें।

श्री सुबाष चन्द्र श्रीवास्तव–

मान्यवर, इस सम्मानित सदन के भूतपूर्व सदस्य श्री राम स्वरूप, श्री मंजूर अहमद, श्री दीनानाथ सेवक, श्री गुलाब सेहरा, श्री इन्द्रमणि बड़ौनी, श्री यादवेन्द्र दत्त दुबे, श्री ईशदत्त यादव, श्री रूस्तम सैटिन, श्री गंगा प्रसाद, श्री हरिदत्त काण्डपाल, श्री सियाराम चौधरी, श्री राम प्यारे पनिका, श्री दलजीत सिंह, डा० शमी (शमीम) अहमद खां आज हमारे बीच में नहीं रहे। यह सभी भूतपूर्व सदस्य न केवल अपने जनपदों का बल्कि अपने-अपने विचारों से इस प्रदेश में किसानों, मजदूरों और यतीमों की लड़ाई लड़ते रहे। आज इनके प्रदेश में न रहने से राजनीतिक और सामाजिक सेवा में जो रिक्तता हुई है वह अपूर्णनीय है। श्रीमन् आज इस दुखद घड़ी में मैं अपनी ओर से, अपने दल की ओर से इन भूतपूर्व सदस्यों के निधन पर गहरा दुख प्रकट करते हुये आपसे आग्रह करता हूं कि हमारी और हमारे दल की शोक संवेदनायें उनके परिवार तक पहुंचाने की कृपा करें।

श्री रामजग–

माननीय अध्यक्ष महोदय, इस सदन के भूतपूर्व जिन 15 सदस्यों का निधन हो गया है उनमें श्री ईशदत्त यादव हमारे दल के ही नहीं बल्कि पूर्वांचल के हमारी पार्टी के सम्मानित नेता रहे हैं। उन्होंने मजदूरों के बीच लंबे समय तक अपनी सेवायें दी हैं। श्री रूस्तम सैटिन के निधन से वामपंथी आन्दोलन को गहरा धक्का लगा है। इस प्रकार आप देखें तो सभी सम्मानित सदस्य अपने-अपने जिलों में नहीं बल्कि उन्होंने पूरे उत्तर प्रदेश में महत्वपूर्ण सेवायें की है। उनके निधन से पूरे प्रदेश में भारी क्षति हुई है। हमारी पार्टी इन 15 भूतपूर्व सदस्यों के निधन से काफी दुखी है। मान्यवर, आपसे अनुरोध है कि हमारी और हमारे दल की शोक संवेदनायें उनके शोक संतप्त परिवार तक पहुंचाने की कृपा करें।

वन मंत्री (श्री राजधारी सिंह)–

अध्यक्ष महोदय, हमारे विधान सभा के सम्मानित भूतपूर्व सदस्य जिनकी संख्या 15 है वे आज हमारे बीच में नहीं रहे हैं। मान्यवर, इन सभी भूतपूर्व सदस्यों की राजनीतिक और सामाजिक सेवायें अपने-अपने क्षेत्रों में रही हैं लेकिन आज उनके न रहने से पूरे प्रदेश में अपूर्णनीय क्षति हुई है। मान्यवर, मैं उनके प्रति अपनी ओर से और अपने दल की ओर से शोक संवेदनायें प्रकट करते हुये आपसे अनुरोध करता हूं कि उनके दुखी परिवार तक हमारी और हमारे दल की संवेदनायें पहुंचाने की कृपा करें।

श्री राजेन्द्र यादव–

मान्यवर, इस सदन के 15 भूतपूर्व सदस्य आज हमारे बीच में नहीं रहे । उनके प्रति माननीय नेता सदन, नेता प्रतिपक्ष, नेता भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, नेता बहुजन समाज पार्टी, नेता कम्युनिस्ट पार्टी तथा अन्य दलों के नेताओं ने जो विचार व्यक्त किये हैं । मैं उनसे अपने को सम्बद्ध करते हुये आपसे चाहूंगा कि हमारी शोक संवेदना उनके परिवार तक पहुंचाने का कष्ट करें । मान्यवर, इन 15 माननीय सदस्यों में से रूस्तम सैटिन जो भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय नेता ही नहीं थे । पूर्वांचल में वामपंथी आन्दोलन को मजबूत करने में, जिन्दगी भर गरीबी-दलितों की लड़ाई को लड़ते हुये अपना योगदान किया है । मैं पुनः आपसे निवेदन करूंगा कि हमारी शोक संवेदना मेरी पार्टी की तरफ से और मेरी तरफ से पहुंचाने की कृपा करें ।

* वित्त मंत्री (श्री हरिश्चन्द्र श्रीवास्तव "हरीश जी")–

मान्यवर, इस सदन के वर्तमान सदस्य श्री श्रीनिवास मणि त्रिपाठी से मेरे व्यक्तिगत संबंध थे । इस संबंध का कारण उनके पूज्य पिता पं० सेतु नारायण मणि त्रिपाठी से मेरी निकटता थी । वैसे वह किसी दल के सदस्य तो नहीं थे लेकिन उनकी प्रेरणा से उनके परिवार के दोनों पुत्र .....

श्री प्रमोद कुमार–

मान्यवर, यह प्रकरण समाप्त हो गया है ।

श्री अध्यक्ष–

माननीय हरीश जी, आपसे श्री यादवेन्द्र दत्त दुबे एवं श्री रुस्तम सैटिन के बारे में अनुरोध किया था ।

श्री हरिश्चन्द्र श्रीवास्तव "हरीश जी"–

मान्यवर, क्षमा करें । स्वर्गीय यादवेन्द्र दत्त दुबे मेरे अभिन्न मित्र थे । उनके निधन से जौनपुर जिले ने एक अच्छे समाजसेवी और कुशल नेतृत्व को खो दिया है । वह लोकसभा के भी सदस्य रहे थे । पुस्तकों से उन्हें बड़ा प्यार था, वह एक अध्ययनशील व्यक्ति थे । गूढ़ से गूढ़ विषयों को गहराई से अध्ययन करना उनका स्वाभाव था । वह इतने लोकप्रिय थे कि उनके विरुद्ध जो चुनाव लड़ते थे उनकी जमानतें जब्त होती थीं । आम व्यक्ति उनके प्रति बहुत ही आकर्षित था । उनकी सेवाओं से जौनपुर जिला सदा लाभ पाता रहा । आज उनके निधन से एक अच्छा सेवक और एक अच्छा नेतृत्व जौनपुर जिले ने खो दिया है । मैं उनके प्रति अपनी संवेदना प्रकट करता हूं ।

श्री रुस्तम सैटिन जी वाराणसी से चुनकर आते थे । वे इस उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री भी रह चुके थे । एक लम्बी बीमारी के बाद उनका निधन हो गया । मेरे उनसे व्यक्तिगत संबंध थे । वह किसी दल विशेष में रहने के बाद भी वाराणसी में उन्हें जहां दुखी-पीड़ित लोगों का सम्मान प्राप्त था, वहीं आम लोगों में भी उन्हें आदर भाव प्राप्त था । उनके निधन से वाराणसी में एक निष्पक्ष भाव से जनसेवा करने वाले नेतृत्व को हमने खोया है । मान्यवर, इन दोनों नेताओं के प्रति मैं अपनी संवेदना प्रकट करता हूं और भगवान से प्रार्थना करता हूं कि उनके चले जाने के कारण उनका जो शोकाकुल परिवार है, उसको

इस दुख को सहन करने की शक्ति दें । मैं आपसे प्रार्थना करता हूं कि मेरी संवेदना को उनके परिवार तक पहुंचाने की कृपा करें ।

श्री अध्यक्ष–

प्रदेश की विधान सभा के 15 भूतपूर्व सदस्यों का पिछले 6 महीने के अन्दर निधन हो गया है । सभी माननीय सदस्यों ने विभिन्न कालखण्डों में इस सदन की सेवा की थी और वर्तमान माननीय सदस्यों में से कई ऐसे हैं जिनसे उनके व्यक्तिगत संबंध अथवा परिचय रहा होगा । एटा के भी श्री राम स्वरूप जी एक बार विधान सभा के सदस्य थे । बहुत ही सक्रिय राजनीति और सामाजिक सेवा करते थे । श्री मन्जूर अहमद की बहुत सक्रिय भूमिका इस सदन में रहा करती थी । वह पांच बार विधान सभा के सदस्य हुए थे, वह बहुत ही सफल राजनीतिक, सक्रिय समाज सेवी और समाजवादी विचारधारा के थे । रायबरेली के श्री दीनानाथ सेवक ने दो बार इस सदन की सेवा की थी । 66 वर्ष की आयु में उनका निधन हुआ वह प्रदेश के राज्य मंत्री व उप मंत्री भी रहे । कुश्ती से उन्हें विशेष लगाव था उनके गीतों का संग्रह भी प्रकाशित हुआ । श्री गुलाब सेहरा का 61 वर्ष की अवस्था में निधन हुआ । वह तीन बार विधान सभा के सदस्य रहे और प्रदेश में राज्य मंत्री और मंत्री के पद को भी उन्होंने सुशोभित किया । दलितों एवं निर्बल वर्गों के लिए आपने विशेष कार्य किया । विभिन्न पदों पर रहकर उन्होंने सक्रिय भूमिका का निर्वहन किया । श्री इन्द्रमणि बड़ौनी का 78 वर्ष की अवस्था में निधन हुआ । तीन बार इन्होंने विधान सभा की सेवा की, यह स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे एवं बहुत ही सक्रिय राजनैतिक एवं सामाजिक सेवा की ।

श्री यादवेन्द्र दत्त दुबे का 81 वर्ष की अवस्था में निधन हुआ । वह तीन बार विधान सभा के एवं दो बार लोक सभा के सदस्य हुए । वह अध्ययनशील प्रवृत्ति के थे । इनका पुस्तकालय प्रसिद्ध था । श्री ईशदत्त यादव का 62 वर्ष की अवस्था में निधन हो गया । वह एक वार इस विधान सभा के सदस्य रहे एवं अपने जनपद आजमगढ़ की नगरपालिका के उपाध्यक्ष भी रहे आपने अधिवक्ता के रूप में सेवा की । रुस्तम सैटिन का निधन 90 वर्ष की अवस्था में हुआ वह कम्युनिस्ट पार्टी से जुड़े हुए थे । वह प्रदेश में उप मंत्री भी रहे । श्री गंगा प्रसाद जी ने 6 बार इस सदन की सेवा की और 72 वर्ष की अवस्था में उनका निधन हुआ वह उप मंत्री भी रहे । एक बार वह विधान सभा के प्रोटम अध्यक्ष भी रहे । वह सक्रिय राजनैतिक समाज सेवी थे । श्री हरी दत्त काण्डपाल बार-बार विधान सभा के सदस्य रहे । उनका निधन 87 वर्ष की अवस्था में हुआ वह बहुत ही सक्रिय राजनीतिज्ञ थे । श्री सियाराम चौधरी ने एक बार इस सदन की सेवा की । 86 वर्ष की अवस्था में इनका निधन हो गया । उन्होंने नमक सत्याग्रह में भाग लिया । सविनय अवज्ञा आन्दोलन एवं भारत छोड़ो आन्दोलन में आपने सजा पाई ।

श्री राम प्यारे पनिका का 64 वर्ष की अवस्था में निधन हो गया । दो बार आपने सदन की सेवा की । वह दो बार लोक सभा के सदस्य भी रहे । कांग्रेस पार्ट के प्रमुख लोगों में उनका स्थान था । विभिन्न पदों पर आपने सेवा की है । वह रेलवे भर्ती बोर्ड के अध्यक्ष भी रहे । श्री दलजीत सिंह का 60 वर्ष की अवस्था में निधन हो गया । वह दो बार इस सदन के सदस्य रहे । वह स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे । उन्होंने प्रदेश में राज्य मंत्री एवं उप मंत्री के पदों को सुशोभित किया तथा विभिन्न पदों पर रहकर उन्होंने जनता की सेवा की ।

डा० शमीम अहमद का 63 वर्ष की अवस्था में निधन हुआ, इन्होंने एक बार इस सदन की सेवा की । डी०आई०आर० और मीसा में उनको कारागार में निरुद्ध किया गया । चिकित्सा के क्षेत्र में आप बहुत सक्रिय थे । उन्होंने एक पुस्तक भी लिखी तथा मेडिकल एसोसिएशन, मुरादाबाद के सदस्य रहे । श्री जगन्नाथ चौधरी ने 75 वर्ष की अवस्था में संसार को छोड़ दिया । वह बार-बार विधायक और एक बार लोक सभा के सदस्य थे । उन्होंने प्रदेश में राज्य मंत्री और उप मंत्री के पदों को सुशोभित किया । वह बहुत ही सक्रिय राजनीतिज्ञ थे । इन सब सदस्यों के प्रति सदन में जो शोकोद्गार प्रकट किए गये हैं मैं उनसे अपने को सम्बद्ध करता हूं और ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि इन दिवंगत आत्माओं को शांति दे एवं इनके परिजनों को दुख सहन करने की शक्ति दे । मैं अनुरोध करूंगा कि दिवंगत आत्माओं की शांति के लिये आप लोग दो मिनट का मौन धारण करें ।

(सभी सदस्यों द्वारा सदन में दो मिनट का मौन रखा गया)

मैं आप सभी सदस्यों की भावनायें शोक संतप्त परिवार जनों तक अवश्य पहुंचा दूंगा ।

भारत के भूतपूर्व राष्ट्रपति डा० शंकर दयाल शर्मा के निधन पर शोकोद्गार

मुख्य मंत्री (श्री राम प्रकाश)–

श्रीमन्, बड़े दुख के साथ मैं माननीय सदन को सूचित कर रहा हूं कि इस देश के महान नेता, भूतपूर्व राष्ट्रपति डा० शंकर दयाल शर्मा का 26 दिसम्बर, 1999 को निधन हो गया । श्रीमन् डा० शंकर दयाल शर्मा इस देश के वह निधि थे जिन्होंने राजनैतिक जीवन को मूल्यों की राजनीति की ओर प्रेरणा दी । महात्मा गांधी ने इस देश में आजादी के संघर्ष में सारे देश का ध्यान जीवन मूल्यों की ओर, सिद्धान्तों की ओर आकर्षित किया । उन्हीं के पद चिन्हों पर चलते हुये स्वतंत्रता संग्राम में तो उन्होंने भाग लिया ही, लेकिन बाद में प्रशासन के अत्यन्त महत्वपूर्ण पदों पर रहते हुये सन् 92 में मुख्य मंत्री के रूप में भोपाल राज्य में कांग्रेस पार्टी के अखिल भारतीय मंत्री और अध्यक्ष के रूप में अनेक प्रदेशों में राज्यपाल के रूप में उपराष्ट्रपति के रूप में उन्होंने इस देश का मार्ग-दर्शन किया ।

वह ऐसे नेता थे कि पार्टी के कार्यकर्ता होने के बाद भी अपने जीवन मूल्यों से सिद्धान्तों की रुचि से वह अनेक दलों के नेताओं कार्यकर्ताओं को आकर्षित करते थे और इस देश का वास्तविक नेता कैसा हो इसका उन्होंने उदाहरण प्रस्तुत किया । आज उनके निधन से हमारे देश के राजनैतिक जीवन में बहुत बड़ी हानि हुई है । इस हानि की पूर्ति करना बहुत कठिन होगा । श्रीमन्, मैं उनके प्रति शोक संवेदना व्यक्त करता हूं और हमारी पार्टी की ओर से इस सदन की ओर से भगवान से प्रार्थना है कि उनकी आत्मा को शान्ति दे और उनके परिवार को यह दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करे । श्रीमन्, मैं आपसे निवेदन करता हूं कि हम लोगों की शोक श्रद्धांजलि उनके परिवार तक पहुंचाने की कृपा करें ।

नेता विरोधी दल (श्री धनीराम वर्मा)–

श्रीमन्, भूतपूर्व राष्ट्रपति शंकर दयाल शर्मा के प्रति जो शोकोद्गार माननीय मुख्य मंत्री जी ने प्रकट किये, मैं उनसे अपने को संबद्ध कर रहा हूं और आगे की कड़ी में यह कहना चाहता हूं कि श्रीमन्, वह पीढ़ी जिसने इस देश को स्वतंत्रता दिलाई और हम लोगों को विधान सभा और लोक सभा में बैठने का अवसर दिया, वह पीढ़ी धीरे-धीरे समाप्त होती चली जा रही है । उसी पीढ़ी के सदस्य माननीय शर्मा जी

भी थे । वह उच्च-कोटि के राजनीतिज्ञ और जनसेवी थे । वह कई बार विधान सभा के सदस्य तथा राज्य सभा और लोक सभा के सदस्य भी रहे । शुरू में वह मध्य प्रदेश के मुख्य मंत्री भी रहे और बाद में मंत्री भी रहे । कहने का तात्पर्य यह है कि उनकी देश और समाज के प्रति अविस्मरणीय सेवायें रही हैं । अपने बहुत से विचार तथा मान्यताओं को छोड़कर वह आज हमारे बीच से चले गये हैं । उनके ये विचार और मान्यतायें देश और समाज को आगे बढ़ाने में सहायक होंगी । उनकी सेवायें, आदर्श, उनके मूल्यों से हम प्रेरणा लेते रहेंगे ।

आज उनके न रहने से जो क्षति हुई है उनको पूरा करने में उनके आदर्श और विचार सहायक होते रहेंगे । मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि उनकी दिवंगत आत्मा को शाश्वत-शान्ति तथा उनके परिवार जनों को इस दुख को सहन करने की क्षमता प्रदान करें । मैं अपनी ओर से तथा अपने दल की ओर से आपसे अनुरोध करता हूं कि हमारी ये शोक संवेदनायें उनके परिवारजनों तक पहुंचाने की कृपा करें ।

श्री बी० आर० वर्मा–

मान्यवर, भूतपूर्व राष्ट्रपति डा० शंकर दयाल शर्मा जी के निधन से बारे में जो शोकोद्‌गार माननीय नेता सदन ने तथा नेता प्रतिपक्ष ने व्यक्त किये हैं, उससे मैं अपने को तथा अपने दल को सम्बद्ध करता हूं । मान्यवर, डा० शंकर दयाल शर्मा जी जो कल तक इतिहास का सृजन करते थे । आज वह खुद इतिहास बन गये हैं । उन्होंने उच्च शिक्षा देश और विदेश में प्राप्त की और स्वतंत्रता आन्दोलन में भी उनका योगदान रहा । मध्य प्रदेश के मुख्य मंत्री भी वह रहे । केन्द्र सरकार के मंत्री के रूप में और इस देश के सर्वोच्च पद राष्ट्रपति के रूप में उनका जो कार्य रहा है वह अनुकरणीय है और आने वाली पीढ़ियां उससे सबक सीखती रहेंगी और नसीहत लेती रहेंगी । मान्यवर, उन्होंने अपने ज्ञान और अपनी जानकारी को आने वाली पीढ़ियों के लिये लिपिबद्ध करने का काम भी किया है तमाम पुस्तकों के रूप में आज वह हमारे लिये पथ-प्रदर्शक के रूप में सामने है । आज उनके निधन से एक अपूर्णनीय क्षति हुई है और इस देश ने एक महान नेता को खोया है । मैं अपनी ओर से तथा अपने दल की ओर से उनके प्रति शोक संवेदना प्रकट करता हूं और श्रद्धासुमन अर्पित करता हूं और आपसे अनुरोध करता हूं कि मेरी ओर से तथा मेरे दल की ओर से शोक संवेदनायें उनके परिवार-जनों तक पहुंचाने की कृपा करें ।

लघु सिंचाई एवं ग्रामीण अभियंत्रण मंत्री (श्री मारकण्डेय चन्द)–

मान्यवर, इस देश के भूतपूर्व राष्ट्रपति डा० शंकर दयाल शर्मा जी का 82 वर्ष की अवस्था में 26 दिसम्बर, 1999 को निधन हो गया । डा० शंकर दयाल शर्मा जी इस देश के महान सपूत, महान शिक्षाविद् महान समाज सेवक के रूप में सदैव याद किये जायेंगे । डा० शंकर दयाल शर्मा पूर्ववर्ती भोपाल राज्य के मुख्य मंत्री भी रह चुके थे ।

इस देश की अनेक विधान सभाओं एवं उप राष्ट्रपति, राष्ट्रपति तथा केन्द्र सरकार में अनेक बार अनेक विभागों के मंत्री के रूप में अत्यन्त कुशल प्रशासक भी रहे हैं । डा० शंकर दयाल शर्मा जी की बहुमुखी प्रतिभा एवं उनके विभिन्न क्षेत्रों में किये गये कार्य इस देश के लिये एक उदाहरण होगा । आज वे हमारे बीच में नहीं है । सारा राष्ट्र आज उनके निधन से दुखी है । मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि उनकी दिवंगत आत्मा को शान्ति प्रदान करें । आपसे अनुरोध करता हूं कि उनके शोकाकुल परिवार तक मेरी व मेरे दल की शोक संवेदनायें पहुंचाने की कृपा करें ।

ऊर्जा मंत्री (श्री नरेश चन्द्र अग्रवाल)–

श्रीमन्, पूर्व राष्ट्रपति देश के प्रथम नागरिक और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी डा० शंकर दयाल शर्मा जी के निधन पर नेता सदन, नेता प्रतिपक्ष तथा अन्य दलों के नेताओं ने जो शोकोद्गार व्यक्त किये हैं उससे मैं अपने व अपने दल को सम्बद्ध करता हूं । श्रीमन् यद्यपि डा० शंकर दयाल शर्मा जी मध्य प्रदेश में भोपाल में पैदा हुए थे लेकिन उनको पूर्व शिक्षा उत्तर प्रदेश में हुई । जिस विश्वविद्यालय से हमने डिग्री प्राप्त की वे भी उसी विश्वविद्यालय के छात्र रहे । आज उनके निधन से यह पूरे देश को क्षति हुई है लेकिन उत्तर प्रदेश के लोगों को काफी क्षति महसूस हुई है । देश के महत्वपूर्ण पदों पर बैठकर उन्होंने नई दिशा देश को दी । आज उनके निधन से देश को महान क्षति हुई है । मेरा आपसे अनुरोध है कि उनके शोकाकुल परिवार तक हमारी शोक संवेदनाएं पहुंचाने की कृपा करें । ईश्वर से प्रार्थना है कि उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें ।

श्री प्रमोद कुमार–

मान्यवर, जब यह शाताब्दी अपने अंतिम पड़ाव पर है उस समय हमने न जाने कितने विख्यात विभूतियों को खो दिया है जिन्होंने इस शताब्दी में अपना बहुमूल्य योगदान दिया और उन दिनों को रोशन किया अपने कामों से । आज हमारे बीच से एक महान विभूति अत्यन्त कर्मठ और दलों की भावना से ऊपर उठकर सारी दुनिया में लोकप्रियता हासिल की । उन्होंने यहीं नहीं बाहर विदेशों में जाकर कैम्ब्रिज और स्विटजरलैंड जाकर पढ़ाई की और अपनी योग्यता को प्रकट भी किया । भोपाल के मुख्य मंत्री के रूप में, केन्द्र सरकार के मंत्री के रूप में, चाहे महाराष्ट्र, आन्ध्रप्रदेश के राज्यपाल के रूप में, चाहे उपराष्ट्रपति या राष्ट्रपति के रूप में रहे हों अपने कर्तव्यों का निर्वहन बड़ी अच्छी तरह से किया ।

मुझे वह समय स्मरण आता है जब वे आन्ध्रप्रदेश में राज्यपाल के पद थे उस समय आतंकवाद अपना सर उठा रहा था जिसमें उनकी पुत्री और दामाद दोनों की हत्या कर दी गई लेकिन मान्यवर, उन्होंने अपनी उस लड़ाई को, जेहाद को कम नहीं किया । जिस भी पद पर वे आसीन रहे उसका निर्वहन उन्होंने भली प्रकार से किया । वे भारती राष्ट्रीय कांग्रेस के महामंत्री और अध्यक्ष भी रहे । कांग्रेस-जन के रूप में विपरीत परिस्थितियां में भी उन्होंने अपना कार्य किया और नेतृत्व किया ।

मैं बड़ी श्रद्धा के साथ, आदर के साथ, आपसे आग्रह करना चाहता हूं कि उन्होंने भोपाल में जन्म लेने के बाद इस प्रदेश में एक लम्बा जीवन बिताया है और यहां शिक्षा प्राप्त की है । आपके माध्यम से माननीय मुख्य मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि उनकी स्मृति को स्थायी करने के लिये उत्तर प्रदेश सरकार कोई ऐसा कदम उठाये जिससे इस प्रदेश के प्रति उनकी सेवाओं को भी याद कर सकें । इन्हीं शब्दों के साथ मैं उनके प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए आपसे आग्रह करता हूं कि उनके शोकाकुल परिवार तक हमारी शोक संवेदनाएं पहुंचाने की कृपा करें ।

श्री कौकब हमीद–

डा० शंकर दयाल शर्मा, जिनका निधन इस शताब्दी के बिल्कुल आखिर में हुआ है जिन्होंने इस शताब्दी में अपना योगदान दिया उनका नाम स्वर्ण अक्षरों में लिखा जायेगा । शिक्षा के क्षेत्र में ही नहीं, चेयरमैन राज्यसभा के क्षेत्र में और जब वे लखनऊ तशरीफ लाये थे और सम्बोधित किया था । किसी

राष्ट्रपति के रूप में तो ऐसा शख्स रोज-रोज पैदा नहीं होता है । मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि मेरे व मेरे दल की ओर से शोक संवेदनायें उनके शोक संतप्त परिवार तक पहुंचाने की कृपा करें ।

श्री सुबाष चन्द्र श्रीवास्तव–

मान्यवर, इस देश के प्रथम नागरिक देश के भूतपूर्व राष्ट्रपति, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, परम आदरणीय स्वर्गीय शंकर दयाल शर्मा जी आज हम सबके बीच में नहीं रहे ।

डा० शंकर दयाल शर्मा जी के संबंध में माननीय मुख्य मंत्री जी और माननीय नेता विपक्ष एवं अन्य सभी दलों के माननीय नेताओं ने जो विचार व्यक्त किये हैं उनसे मैं अपने को और अपने दल को सम्बद्ध करता हूं । मान्यवर, जहां वर्तमान सदी अपने अंतिम दिन गिन रही है और हम सहस्त्राब्दि में प्रवेश की तैयारी में है वहीं यह सदी जिन लोगों के नाम से जानी जायेगी, हिन्दुस्तान के इतिहास में उन बड़ी शख्सियत में डा० शंकर दयाल शर्मा एक थे । डा० शंकर दयाल शर्मा जी ने इलाहाबाद विश्वविद्यालय, लखनऊ विश्वविद्यालय और दुनिया के कई विश्वविद्यालयों से शिक्षा-दीक्षा ली । सबसे विचित्र बात यह है कि विदेश में शिक्षा-दीक्षा लेने के बाद भी उनके सम्पूर्ण व्यक्तित्व में भारतीयता कूट-कूट कर भरी थी और उनका मन भारत की गंगा-यमुनी संस्कृति के प्रति बेहद समर्पित था ।

डा० साहब शिक्षा के क्षेत्र में प्रशासन के क्षेत्र में, राजनीति के क्षेत्र में, आने वाली पीढ़ी को, व्यक्तिगत जीवन में, सामाजिक जीवन में, शिक्षा के क्षेत्र में प्रेरणा देते रहेंगे । उनके न रहने से सम्पूर्ण प्रदेश में रिक्तता पैदा हो गई है, इस रिक्तता को पूरा नहीं किया जा सकता है । जनता दल उनके निधन से दुखी है । मैं अपने और अपने दल की शोक-संवेदनाएं उनके प्रति प्रकट करता हूं और आपसे प्रार्थना करता हूं कि शंकर दयाल जी का परिवार पूरा देश है, लेकिन उनके परिवार में, उनके दिवंगत होने के बाद जो लोग हैं, उनको ईश्वर संबल प्रदान करे । मेरी आपसे प्रार्थना है कि मेरी तथा मेरे दल शोक संवेदनाएं उनके शोक संतप्त परिवार तक पहुंचाने की कृपा करें ।

श्री रामजग–

मान्यवर, हमारे देश के पूर्व राष्ट्रपति स्व० श्री शंकर दयाल शर्मा जी के निधन पर पूरा देश शोक मना रहा है । मान्यवर, शंकर दयाल शर्मा जी ने देश के उच्च पदों पर रहकर देश की सेवा की । राष्ट्रीय आजादी के आन्दोलन में अग्रणी भूमिका उन्होंने निभाई । देश में विभिन्न घटनाओं पर जब देश में संविधान, धर्मनिरपेक्ष, न्यायपालिका पर खतरे का भय था उस समय राष्ट्र को नई दिशा दी । आज हमारे देश में पूर्व राष्ट्रपति शंकर दयाल शर्मा जी नहीं हैं लेकिन उनकी सेवा, उनके कार्य समाजविद के रूप में, राज्य निधि के रूप में जो उन्होंने देश की सेवा की है.उसको देश हमेशा याद करेगा । उनके निधन से अपूर्णनीय क्षति हुई है उसकी पूर्ति नहीं हो सकती हैं । उनके निधन से हमारी पार्टी दुखी है । आपसे निवेदन है कि हमारी तथा हमारे दल की शोक संवेदनाएं उनके परिवार के प्रति पहुंचाने की कृपा करें ।

वन मंत्री (श्री राजधारी सिंह)–

मान्यवर, डा० शंकर दयाल शर्मा जी हमारे देश के महानतम नेता में से थे । अपने जमाने में सम्पूर्ण नेताओं में योग्यतम व्यक्ति थे । ऐसे विरले लोग ही होते हैं जिन्हें राजनीति में, विभिन्न क्षेत्रों और विभिन्न पदों का अनुभव हो । मध्य प्रदेश के मुख्य मंत्री के पद में चाहें हों, चाहे केन्द्रीय मंत्रिमंडल के

रूप में हों, राष्ट्रपति के रूप में हों या फिर राज्य सभा के सभापति के रूप में हों या फिर कोई प्रदेश के महामहिम राज्यपाल के रूप में हों, उनका कार्य बहुत ही सराहनीय रहा । वह गांधीवादी विचारधारा के थे और बड़े ही सरल और सहज व्यक्ति थे । उनके मूल्यों तथा आदर्शों को मेरे जैसे लोग प्रेरणा स्रोत मानते हैं । उनके आकस्मिक निधन से इस देश को अपूर्णनीय क्षति हुयी है । मैं इस अवसर पर अपने को तथा अपने दल को, जो विचार विभिन्न दलों के नेताओं ने रखे हैं, से सम्बद्ध करता हूं और आपके माध्यम से यह प्रार्थना करता हूं कि हमारी शोक संवेदनाएं उनके शोक संतप्त परिवार तक पहुंचाने का कष्ट करें ।

श्री राजेन्द्र यादव–

माननीय अध्यक्ष जी, देश के प्रथम नागरिक, भारत मां के महान सपूत, देश के महान शिक्षाविद समाज सेवी, स्वतंत्रता संग्राम के महान सेनानी तथा देश के भूतपूर्व राष्ट्रपति द्वारा डा० शंकर दयाल शर्मा जी के प्रति जो शोक संवेदनाएं नेता सदन, नेता प्रतिपक्ष, नेता बसपा, नेता लोकतांत्रिक कांग्रेस, नेता कांग्रेस, नेता लोकदल तथा अन्य नेताओं ने जो विचार व्यक्त किये हैं, मैं उससे अपने को अपने दल को सम्बद्ध करता हूं और आपसे यह निवेदन है कि हमारी तथा हमारे दल की शोक संवेदनाएं उनके शोक संतप्त परिवार पहुंचाने का कष्ट करें ।

संस्कृति पूर्त एवं धर्मस्व मंत्री (डा० रमेश पोखरियाल ''निशंक'')–

श्रीमन्,राजनीति के क्षितिज पर उस शीर्ष स्थान पर बैठा रहने वाला वह महान देशभक्त जो आज हमारे बीच में नहीं है, निश्चितरूप से इस देश के एक बहुत बड़ी धरोहर को खोया है । मैं व्यक्तिगत रूप से डा० शंकर दयाल शर्मा जी के बहुत निकट रहा और मैंने अनेक अवसर पर महसूस किया कि आज की राजनीति के गिरते मूल्यों में इस तरह का अकलुषित और प्रखर व्यक्तित्व जिन्हें न केवल राजनीति के प्रति रुचि थी बल्कि वह हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत सहित 14 भाषाओं के ज्ञाता थे । उन्होंने न केवल अनेक पुस्तकों का सम्पादन किया बल्कि लेखन भी किया ।

डा० शंकर दयाल शर्मा जी के बहुत लम्बे समय तक विदेश में शिक्षा ग्रहण किये और उसके बाद भी यह साबित किया कि विदेश में रहना और शिक्षा ग्रहण करना, उसके बाद भी विदेशी संस्कृति से प्रभावित नहीं होकर भारत की संस्कृति और भारत के मूल्यों को नहीं छोड़ा और इस देश की संस्कृति को दुनिया के अनेक देशों तक पहुंचाया और शुद्ध स्वदेशी के रूप में जीवन यापन किया । इस शीर्ष स्थान पर रहते हुये भी मैं सोचता हूं कि इस राजनीति जीवन में जहां तेजी से गिरावट हो रही है, ऐसा व्यक्तित्व चाहे वह मुख्य मंत्री के पद पर हो, अनेक प्रदेशों के महामहिम राज्यपाल के पद पर हों, केन्द्रीय मंत्रिमण्डल में हो, राज्य सभा का अध्यक्ष के पद पर हो, उप राष्ट्रपति के पद पर हो या फिर देश के प्रथम नागरिक राष्ट्रपति के पद पर हो, हर स्थान पर अपनी छाप छोड़ी और यह महसूस कराया कि व्यक्ति अकलुषित तरह से काम करें तो वह अपना स्थान बना सकता है ।

अत्यन्त भावुक किस्म के डा० शर्मा विशेषकर लेखकों के प्रति बहुत भावुक थे । श्रीमन्, वे जब स्वाधीनता के उन स्मरणों को कहते थे तो उनकी आंखों से अश्रु की धारा छलक आती थी । ऐसे अनेक अवसर आये । श्रीमन्, मैं आपके माध्यम से उनके प्रति शोक-संवेदना अर्पित करता हूं और उस महान आत्मा की शांति के लिये ईश्वर से प्रार्थना करता हूं ।

श्री अध्यक्ष–

गांधीवादी, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और भारतीयता के प्रतीक, साहित्य दर्शन और शिक्षा में विशेष रुचि रखने वाले भारत के पूर्व राष्ट्रपति डा० शंकर दयाल शर्मा का निधन 26 दिसम्बर, 1999 को 82 वर्ष की अवस्था में हो गया । डा० शर्मा का राजनैतिक जीवन बहुत लम्बा था । इस राजनैतिक जीवन में वे कई महत्वपूर्ण पदों पर रहे । पूर्ववर्ती भोपाल राज्य के मुख्य मंत्री रहने के अतिरिक्त उन्होंने राजनैतिक क्षेत्र में लगभग सभी महत्वपूर्ण पदों पर रहकर अपना योगदान दिया । लगभग 15 वर्ष तक मध्य प्रदेश विधान सभा के सदस्य और मध्य प्रदेश राज्य में मंत्री पद के दायित्व का निर्वहन करने के पश्चात्, लोक सभा सदस्य और फिर केन्द्रीय मंत्री के रूप में जो उन्होंने कार्य किया है, वह स्मरणीय है । कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष और महामंत्री के पद पर उन्होंने संगठन की दृढ़ता प्रदान करने का पूरा प्रयास किया । उसके पश्चात् वह देश के उप राष्ट्रपति बने । उसके पश्चात् वह राष्ट्रपति निर्वाचित हुए और उस पद का दायित्व उन्होंने कुशलतापूर्वक निर्वहन किया ।

डा० शर्मा का व्यक्तित्व बहुत ही सरल और मृदु था । वे बहुत ही संवेदनशील व्यक्ति थे । आज इस सदन में उनके निधन पर माननीय नेता सदन, माननीय नेता प्रतिपक्ष और विभिन्न दलों के माननीय नेताओं ने जो शोकोद्गार व्यक्त किये हैं, मैं उनसे अपने को सम्बद्ध करता हूं और ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि उनकी आत्मा को शांति दे तथा उनके परिवार वालों को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें । मैं आप लोगों से अनुरोध करता हूं कि दिवंगत आत्मा की शांति के लिये कृपया दो मिनट खड़े हों तथा उन्हें मौन श्रद्धांजलि भी दें ।

(सभी सदस्यों द्वारा सदन में दो मिनट खड़े होकर मौन धारण किया गया ।)

अध्यक्ष–

कृपया आसन ग्रहण करें ।

कुछ माननीय सदस्यों ने लिखित सूचना दी है कि दो भूतपूर्व सदस्यों का और निधन हो गया है । प्रक्रिया यह है कि जिलाधिकारी से पहले इसकी पुष्टि की जानी है निधन की पुष्टि होने पर यहां श्रद्धा-सुमन अर्पित करते हैं । सचिव जिलाधिकारी से सूचना पर पुष्टि ले लेंगे और यदि वे पुष्टि करते हैं तो फिर सदन में किसी भी दिन श्रद्धा-सुमन अर्पित करेंगे ।

उड़ीसा राज्य के तटवर्ती इलाकों में आये भयंकर समुद्री तूफान में मृत व्यक्तियों, घायलों और अपार सम्पत्ति की हानि के प्रति मा० मुख्य मंत्री द्वारा प्रस्तुत संवेदना प्रस्ताव

श्री अध्यक्ष–

एक प्रस्ताव आया है माननीय मुख्य मंत्री और विभिन्न दलों के माननीय नेताओं के हस्ताक्षर से उड़ीसा में जन-जीवन की हानि हुई है, उसके संबंध में ।

कुंवर रेवती रमण सिंह–

मान्यवर, माननीय मुख्य मंत्री जी जब उड़ीसा पर प्रस्ताव रख रहे हैं तो मैं आग्रह करूंगा कि भारत का जो प्लेन हाईजैक हो गया है, 160 यात्रियों का जीवन खतरे में है, अगर उसके बारे में ...

श्री अध्यक्ष–

यह मुझसे चर्चा की गई थी लेकिन आज मैं केवल निधन के निदेश ले रहा हूं ।

श्री प्रमोद कुमार–

मान्यवर, आपने निधन के निदेश को लिया, उड़ीसा को लिया जा रहा है तो फिर दुख भरी घटना यह भी है ।

श्री अध्यक्ष–

उड़ीसा में जन-धन की हानि हुई है ।

श्री प्रमोद कुमार–

जो हाईजैकिंग हुई है उसके विरोध में एक प्रस्ताव यहां पर आना चाहिये । चूंकि यहां पर उड़ीसा का प्रकरण ले लिया है इसलिये उचित यह है कि हाईजैकिंग में आतंकवाद की निन्दा भी होनी चाहिये ।

श्री अध्यक्ष–

जब औपचारिक प्रस्ताव आयेगा तो हम देख लेंगे ।

मुख्य मंत्री (श्री राम प्रकाश)–

मान्यवर, मैं आपकी अनुज्ञा से आज दिनांक 31 दिसम्बर, 1999 को निम्नलिखित प्रस्ताव करना चाहता हूं ।

"यह सदन हाल ही में उड़ीसा राज्य के तटवर्ती इलाकों में आये भयंकर समुद्री तूफान में बड़ी संख्या में मृत व्यक्तियों, घायलों और अपार सम्पत्ति की हानि के प्रति शोक प्रकट करता है और मृत व्यक्तियों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि उनकी आत्मा को शान्ति दे और उनके शोक संतप्त परिवारों को यह क्षति सहन करने की शक्ति दें । यह सदन समुद्री तूफान में घायल हुए व्यक्तियों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता है ।"

श्री अध्यक्ष–

मैं प्रस्ताव को सदन के समक्ष रख देता हूं ।

नेता विरोधी दल (धनीराम वर्मा)–

श्रीमन्, समय-समय पर दैवी आपदाओं से माननीय जीवन प्रभावित होता रहा है, लेकिन अबकी दफा जो दैवी आपदाएं उड़ीसा में आयीं वह अपने में अभूतपूर्व रहीं । धन-जन की जो क्षति इस तूफान में हुई, वैसी कभी नहीं हुई । कितने लोग काल-कवलित हुए अब तक इसका कोई सही जायजा नहीं मिला, कितने पशुओं की मृत्युएं हुईं, इसकी भी कोई गणना अभी तक संभव नहीं हो सकी । आर्थिक

नुकसान क्या हुआ, इसका सही आंकलन नहीं लगाया जा सकत । लेकिन यह सही है कि हजारों की संख्या में मानव-जीवन और हजारों-हजारों की संख्या में पशुधन और कई अरबों की सम्पदा इस दैवी आपदा से नष्ट हो गई जिससे हमारा देश पूरी तरह से प्रभावित हुआ । यह सही है कि जो सहायता वहां के पीड़ितों को दी गई और दी भी जा रही है लेकिन वह सहायता ऐसी नहीं है कि जो बचे-खुचे पीड़ित हैं, उनकी आवश्यकताओं की पूर्ति कर सकें । हम इसमें आगे नहीं जाना चाहते हैं, मैं यहां यह कहना चाहता हूं कि इस दैवी आपदा में जो भी लोग काल-कवलित हुए हैं, मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि उनकी आत्माओं की शाश्वत शान्ति और उनके परिवारजनों को धैर्य धारण करने की क्षमता प्रदान करें, साथ ही वह शक्ति प्रदान करें कि पुनः उनके परिवार पहले जैसी स्थिति में आ सकें और यह भी ईश्वर से प्रार्थना करना हूं कि उनके परिवारजन धैर्यपूर्वक आगे का जीवन प्रारम्भ करें । आपसे मेरा विनम्र निवेदन है कि उनके परिवारजनों तक मेरी और हमारे दल की शोक संतप्त संवेदनाएं पहुंचाने की कृपा करें ।

श्री प्रमोद कुमार–

माननीय नेता सदन द्वारा और माननीय नेता विरोधी दल द्वारा समर्थित प्रस्ताव का मैं स्वागत करता हूं । सिर्फ आपसे दो विनम्र निवेदन करना चाहता हूं । अगर इसमें दो चीजें जोड़ दी जायें तो इसकी सार्थकता और अधिक हो जायेगी । यह इस शताब्दी की भयंकरतम दुखद दुर्घटना है, इसमें अत्यधिक धन की आवश्यकता है । मैं माननीय मुख्य मंत्री जी से आग्रह करूंगा कि उत्तर प्रदेश सरकार इसी के साथ आर्थिक सहायता का पैकेज भी देने की घोषणा करे तो उचित होगा । दूसरे हमारी केन्द्र सरकार ने पता नहीं क्यों उड़ीसा की इस घटना को राष्ट्रीय आपदा घोषित नहीं किया चूंकि भारत सरकार ने इसे राष्ट्रीय आपदा घोषित नहीं किया है, इसलिये यह सदन इसे राष्ट्रीय आपदा घोषित करने का प्रस्ताव करे, इसमें क्या बुराई है ?

श्री अध्यक्ष–

यह आप केन्द्र में, लोकसभा में उठाइयेगा ।

श्री प्रमोद कुमार–

| × × × |

श्री रामजग–

| × × × |

श्री अध्यक्ष–

यह लिखा नहीं जायेगा । मैं प्रस्ताव को मतदान के लिये प्रस्तुत कर रहा हूं ।

प्रश्न यह है कि ''यह सदन हाल ही में उड़ीसा राज्य के सहवर्ती इलाकों में आये भयंकर तूफान में बड़ी संख्या में मृत व्यक्तियों, घायलों और अपार सम्पत्ति की हानि के प्रति शोक प्रकट करता है और मृत व्यक्तियों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए ईश्वर से प्रार्थना करता है कि उनकी आत्मा को शान्ति दे

और उनके शोक संतप्त परिवारों को यह क्षति सहन करने की शक्ति दे । यह सदन समुद्री तूफान में घायल हुये व्यक्तियों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता है ।"

(प्रश्न उपस्थित किया गया और सर्वसम्मति से स्वीकृत हुआ)

अतः, हम दिवंगत आत्माओं की शान्ति के लिये खड़े होकर दो मिनट का मौन धारण करें ।

(सभी सदस्यों द्वारा सदन में दो मिनट का मौन रखा गया)

श्री अध्यक्ष–

जब उसका औपचारिक प्रस्ताव सभी दल के सदस्यों के हस्ताक्षर द्वारा आयेगा, तो देख लूंगा ।

अब हम 3 जनवरी, 2000 को 11.00 बजे पुनः बैठेंगे ।

(इसके बाद सदन का उपवेशन 12 बजकर 55 मिनट पर सोमवार 3 जनवरी, 2000 को दिन के 11.00 बजे तक के लिये स्थगित हो गया ।)

लखनऊ :

दिनांक : 31 दिसम्बर, 1999 ।

राजेन्द्र प्रसाद पाण्डेय,

सचिव, विधान सभा,

उत्तर प्रदेश ।

विधान परिषद

पी०एस०यू०पी०–एल०–354 विधान सभा ( )–813–2000 (डी०टी०पी०) ।